In the NEWS

Reliance Life Insurance

Publication: **National Duniya** | Region: **Delhi** | Date: **19/03/2014** | Page No.: **11**

रिलायंस लाइफ का 1,800 करोड़ के कारोबार का लक्ष्य

नई दिल्ली। निजी क्षेत्र की बीमा कंपनी रिलायंस लाइफ इंश्योरेंस ने इस महीने समाप्त हो रहे चालू वित्त वर्ष के अंत तक 1,800 करोड़ रुपए के कुल नए कारोबार का लक्ष्य रखा है।

कंपनी को उम्मीद है कि अगले वित्त वर्ष के दौरान भी दहाई अंक की वृद्धि दर बरकरार रहेगी और पूरे वित्त वर्ष के कारोबार को मिलाकर कंपनी फायदे में रहेगी।

कंपनी का नया प्रीमियम संग्रह अप्रैल से दिसंबर 2013-14 के दौरान 56 प्रतिशत बढ़कर 1,424 करोड़ रुपए हो गया जो पिछले साल की इसी अवधि में 911 करोड़ रुपए था। रिलायंस लाइफ इंश्योरेंस के मुख्य कार्यकारी अनूप राव ने कहा, 'हमें उम्मीद है कि चालू वित्त वर्ष के अंत तक 1,800 करोड़ रुपए का नया प्रीमियम संग्रह होगा।'